हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

मंगलवार, 25 अगस्त, 2015/3 भाद्रपद, 1937 (शक्)

[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री].

कुल प्रश्न - 2

सिविल अस्पताल मनाली

779 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में सिविल अस्पताल मनाली के साथ लगती मैदान की लगभग 7 बीघा भूमि के स्वामित्व की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा न्यायालय में चल रहे मामलों सहित दें?

पंजीकृत स्पोर्ट्स क्लब

887 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में शिमला शहर में कितने Sports Club पंजीकृत हैं तथा कितने पंजीकृत न होने पर भी खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां चला रहे हैं;

(ख) कितने ऐसे क्लब हैं जिनके अपने भवन हैं तथा कितने सरकारी या गैर-सरकारी भवनों में चल रहे हैं; पंजीकृत क्लबों की सूची सभा पटल पर रखें; और

(ग) सरकार गैर-पंजीकृत क्लबों के विरूद्ध क्या कार्रवाई कर रही है ?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा ,**

दिनांकः 13 अगस्त ,2015. **सचिव।**